भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2364**
दिनांक 13.03.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

**शौचालयों में ड्रेनेज कनेक्टिविटी**

**2364. श्री ईश्वरस्वामी के.:**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि देश में बड़ी संख्या में घरों के शौचालयों में ड्रेनेज कनेक्शन की सुविधा नहीं है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या सरकार द्वारा सम्पूर्ण देश में स्वच्छता संबंधी स्थिति में सुधार लाने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) से (ग): स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत मानव मल के निपटान के लिए देश के अधिकांश भागों में सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल ऑनसाइट स्वच्छता प्रौद्योगिकियों जैसे ट्विन लीच पिट शौचालयों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाता है।

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार, जन स्वास्थ्य और स्वच्छता राज्य का विषय है। तथापि, भारत सरकार अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) और अमृत 2.0 जैसे अपने विभिन्न फ्लैगशिप मिशनों के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में सीवरेज अवसंरचना जैसी बुनियादी सेवाओं के लिए अवसंरचना प्रदान करने में राज्यों और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के प्रयासों में सहायता करती है। सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन क्षेत्र अमृत के तहत घटकों में से एक है। सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन क्षेत्र के तहत, 34,504.93 करोड़ रुपये की 890 परियोजनाओं पर जमीनी स्तर पर कार्य शुरू किया गया है, जिनमें से 32,356.24 करोड़ रुपये के कार्य को वास्तविक रूप से निष्पादित किया गया है।

अब तक, लक्षित 145 लाख सीवर/सेप्टेज कनेक्शनों के विरुद्ध 149 लाख सीवर/सेप्टेज कनेक्शन (एफएसएसएम के माध्यम से कवर किए गए परिवारों सहित) अमृत और सामंजस्य के माध्यम से प्रदान किए गए हैं। सूची अनुबंध-I में दी गई है। अमृत 2.0 के तहत, सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन क्षेत्र में, अब तक 67,607.67 करोड़ रुपये की 592 परियोजना को अनुबंध-II में जिनमें 154.69 लाख नए/सर्विस सीवर कनेक्शन को कवर किया गया है, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया गया है जिसकी सूची अनुबंध-II में दी गई है।

*****

अनुबंध I

दिनांक 13-03-2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2364 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

**अमृत के तहत सीवरेज/सेप्टेज के माध्यम से राज्य-वार कवरेज**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों का नाम | सेप्टेज प्रबंधन के तहत कवर किए गए सीवर कनेक्शन और अमृत और सामंजस्य |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | - |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 3,99,916 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 16,000 |
| 4 | असम | - |
| 5 | बिहार | - |
| 6 | चंडीगढ़ | 1,76,434 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 3,65,217 |
| 8 | दादरा एवं नगर हवेली | 25,464 |
| | दमण व दीव | 4,134 |
| 9 | दिल्ली | 21,55,226 |
| 10 | गोवा | 1,982 |
| 11 | गुजरात | 30,84,726 |
| 12 | हरियाणा | 3,85,076 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 38,920 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 3,32,292 |
| 15 | झारखंड | 33,000 |
| 16 | कर्नाटक | 7,08,638 |
| 17 | केरल | 3,79,976 |
| 18 | लद्दाख | 1,620 |
| 19 | लक्षद्वीप | - |
| 20 | मध्य प्रदेश | 4,02,139 |
| 21 | महाराष्ट्र | 4,44,966 |
| 22 | मणिपुर | 4,000 |
| 23 | मेघालय | 31,000 |
| 24 | मिजोरम | - |
| 25 | नागालैंड | 30,520 |
| 26 | ओडिशा | 4,14,177 |
| 27 | पुदुचेरी | 15,954 |
| 28 | पंजाब | 1,21,218 |
| 29 | राजस्थान | 6,15,048 |
| 30 | सिक्किम | 17,400 |
| 31 | तमिलनाडु | 25,20,304 |
| 32 | तेलंगाना | 87,570 |
| 33 | त्रिपुरा | 600 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 18,62,868 |
| 35 | उत्तराखंड | 74,914 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 1,84,215 |
| | **कुल** | **1,49,35,514** |

अनुबंध II

दिनांक 13-03-2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2364 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

**अमृत 2.0 राज्य-वार प्रस्तावित सीवर कनेक्शन**

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **अमृत 2.0 के तहत अनुमोदित नए/सर्विस्ड कनेक्शन** |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 6,43,865 |
| असम | 4,363 |
| बिहार | 9,24,366 |
| चंडीगढ़ | 3,05,162 |
| छत्तीसगढ़ | 0 |
| दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 16,722 |
| दिल्ली | 4,74,209 |
| गोवा | 112 |
| गुजरात | 9,17,837 |
| हरियाणा | 3,45,673 |
| हिमाचल प्रदेश | 4,707 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 93,172 |
| झारखंड | 1,58,665 |
| केरल | 1,14,377 |
| लद्दाख | 8,817 |
| मध्य प्रदेश | 27,37,446 |
| महाराष्ट्र | 35,68,168 |
| मिजोरम | 9,335 |
| नागालैंड | 49,477 |
| पुदुचेरी | 480 |
| पंजाब | 18,23,535 |
| राजस्थान | 8,37,118 |
| तमिलनाडु | 5,78,838 |
| तेलंगाना | 7,65,919 |
| उत्तर प्रदेश | 9,22,813 |
| पश्चिम बंगाल | 1,64,244 |
| **कुल योग** | **1,54,69,420** |

*****